पंजाब केसरी, 18 फरवरी 2024

हमीरपुर केसरी रविवार SUNDAY, 18 फरवरी 2024

विद्यार्थियों को मतदान के लिए किया जागरूक

हमीरपुर, 17 फरवरी (ब्यूरो): भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला हमीरपुर के विभिन्न सीनियर सैकेंडरी स्कूलों, आई.टी.आई., बहुतकनीकी कालेजों, डिग्री कालेजों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में गठित चुनावी साक्षरता क्लबों यानि इलैक्टोरल लिटरेसी क्लबों (ई.एल.सी.) के माध्यम से शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। डी.सी. एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत इन संस्थानों में हर महीने के तीसरे शनिवार को ई.एल.सी. के माध्यम से मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। कॉलेज में राजेश धीमान द्वारा विभिन्न तरह की गतिविधियों का आयोजन कॉलेज कैंपस में करवाया गया। इसमें पोस्टर मेकिंग, क्विज कंपीटीशन, स्पीच व देशभक्ति नृत्य से मतदाताओं को जागरूक किया। कॉलेज प्राचार्य डाक्टर कुलदीप सिंह चंदेल ने भी प्रशिक्षु अध्यापकों को मतदान करने के बारे में जागरूक किया।

हमीरपुर : स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय तरक्वाड़ी में मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लेते प्रशिक्षु। (राजीव)